संख्या:30/2018/377/छप्पन-2018-43/2014

प्रेषक,

सूर्य पाल गंगवार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 22 मार्च, 2018

विषय: राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 के अनुरक्षण कार्य हेतु **Helipilot Computer, part no. 109-0900-64-105, Qty-1** को एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 914/ना0उ0नि0/इंजी/ए-2/2017(पी), दिनांक 19 फरवरी, 2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 में लगा हुआ पुर्जा **Helipilot Computer, part no. 109-0900-64-105** हेलीकॉप्टर के **Auto pilot system** के **Helipilot Computer Intermittent behave** कर रहा है जिसके कारण इसका परिचालन खराब मौसम तथा **IFR (Instrument Flight Rules) condition** में सम्भव नहीं हो पा रहा है। उड़ान सुरक्षा के दृष्टिगत इस पुर्जे को बदला जाना अति आवश्यक है जिससे कि हेलीकाप्टर **IFR** परिचालन के लिए उपलब्ध हो सके। निर्माता कम्पनी मैसर्स लियोनार्डो एस.पी.ए., इटली से प्राप्त कोटेशन ई-मेल दिनांक 26-12-2017 तथा दिनांक 12-01-2018 के अनुसार उक्त इंगित पुर्जों को एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय करने हेतु कुल मूल्य यू0एस0डॉलर 63995.20 मात्र है, जो भारतीय मुद्रा में रूपये 68/- की विनिमय दर से बैंक चार्जेज सहित रूपये 43,51,673/- (रूपये तैंतालीस लाख इक्यावन हजार छः सौ तिहत्तर मात्र) के अग्रिम आहरण की स्वीकृति प्रदान की जानी है। चूंकि इंगित पुर्जों को एक्सचेन्ज के आधार पर क्रय किया जाना है, जिसे हेलीकॉप्टर से निकाल कर फर्म को वापस भेजा जायेगा, जिससे यू0एस0 डॉलर 10292.50 का क्रेडिट नोट निदेशालय को उपलब्ध कराया जाएगा। अतः श्री राज्यपाल राजकीय अगुस्ता हेलीकॉप्टर- वी0टी0-यू0पी0एल0 के इंगित पुर्जे को निर्माता कम्पनी से प्राप्त कोटेशन के आधार पर यू0एस0 डालर 63995.20 जो भारतीय मुद्रा में रूपये 68/- प्रति यू0एस0 डालर की विनिमय दर से (बैंक चार्जेज सहित) रूपये 43,51,673/- (रूपये तैंतालीस लाख इक्यावन हजार छः सौ तिहत्तर मात्र) होता है, के व्यय एवं फर्म को अग्रिम भुगतान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान अग्रिम के रूप में निर्माता कम्पनी को वायर ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

3- निर्माता फर्म को हेलीकॉप्टर से निकाले गये पुर्जे वापस भेजे जाने पर यू0एस0 डालर 10292.50 मात्र फर्म द्वारा क्रेडिट नोट के रूप में वापस किया जायेगा। इस प्राप्त धनराशि का समायोजन तत्काल कर लिया जाय तथा समायोजन के पश्चात इसकी सूचना शासन को दी जाय।

2/..

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण वित्त (लेखा) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-ए-1-2774/दस-15-1(1)/69, दिनांक 25-10-1983 एवं संख्या-ए-1-235/दस-2011-15/1(1)/69, दिनांक 10-06-2011 एवं संख्या-12/2017/ए-1-873/दस-2017-15-1(1)/69, दिनांक 18.09.2017 में निहित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा।

5- उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान फर्म को तत्कालीन विनिमय दर से करने के पश्चात अधिशेष धनराशि मार्जिन मनी एकाउण्ट में जमा की जायेगी।

6- धनराशि कार्यदायी संस्था को निर्गत किए जाने के दिनांक से उनके द्वारा वास्तविक उपयोग किए जाने की तिथि तक जो भी ब्याज अर्जित होगा, उसे राजकोष में जमा किया जाएगा।

7- वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-162 में दी गई व्यवस्था के अनुसार आहरण/समायोजन में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या क्षति होती है, तो उसके लिए निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

8- उक्त अग्रिम धनराशि का समायोजन वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक अवश्य कर लिया जाएगा तथा प्रश्नगत धनराशि का समायोजन कराते हुए महालेखाकार के पुस्तांकित आकड़ों में भी समायोजन करा दिया जाए।

9- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 38 के अधीन लेखा शीर्षक - 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

10- यह आदेश वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 के अशा0 संख्या- ई-7-270/दस-2018, दिनांक 22 मार्च, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

<u>पृ0सं0:30/2018/377(1)/छप्पन-2018-तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- उप महालेखाकार ई0एस0।।। आडिट भवन टी0सी0-ई0वी-।,विभूति खण्ड गोमती नगर,लखनऊ-।0
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।